हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

06 सड़क निर्माण, आधुनिक खेती से हो रहा ग्रामीणों का विकास...



07 गांव चलें बस्ती चलें अभियान के तहत ग्रामों में पहुंचे ...





## विरोध प्रदर्शनः किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया कलेक्ट्रेट घेराव का प्रयास

# कांग्रेसियों ने 3 बैरिकेड्स तोड़े, पानी की बौछारों के बीच किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

***किसानों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को कांग्रेसियों ने जमकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए पानी की बौछार की। कांग्रेसी तीन बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ गए। उन्हे रोकने के लिए पुलिस भागती नजर आई।***



विदिशा। किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियो को रोकने का प्रयास करते हुए पुलिस जवान।



हरिभूमि न्यूज ⏩ विदिशा

जिला कांग्रेस कमेटी एवं जिला किसान कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को किसानों की समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर माधवगंज चौराहे पर धरना-प्रदर्शन एवं कलेक्ट्रेट घेराव किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आगे बढ़ते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए तीन बैरिकेड्स को जोर लगाकर हटा दिये। पुलिस द्वारा पानी की बौछारें भी की गईं, लेकिन प्रदर्शनकारी डटे रहे और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते रहे। आंदोलन में किसानों की प्रमुख मांगों में गेहूं खरीदी में हो रही देरी समाप्त करना है। किसानों की कर्ज माफी, समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी सुनिश्चित करना है। समय पर भुगतान, खरीदी केंद्रों की शीघ्र शुरुआत एवं समुचित व्यवस्थाएं, खरीदी की लिमिट समाप्त करना, सोसायटी भुगतान तिथि बढ़ाना, मूंग व मसूर की एमएसपी पर खरीदी, ओलावृष्टि से हुए नुकसान का उचित मुआवजा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट का समाधान शामिल रहा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण अन्नदाता परेशान है। चेतावनी दी गई कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आगामी समय में और उग्र आंदोलन किया जाएगा। अंत में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्वअध्यक्ष कमल सिलाकारी, रणधीरसिंह ठाकुर, लक्ष्मण सिंह रघुवंशी, प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता राहुल राज, पूर्व विधायक पानबाई पंथी, प्रहलाद रघुवंशी, सुभाष बोहत, रानी अहिरवार, गगनेंद्र रघुवंशी, नगर अध्यक्ष रवि साहू, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत सिंह दांगी, सुरेश बाबू पाठक, नंदकिशोर शर्मा, महेंद्र वर्मा, महेंद्र यादव, जिनेश जैन, सुजीत देवलिया, अंकुर गुप्ता, वैभव भरद्वाज, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा, नीलू यादव, मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा, जिला प्रवक्ता अरुण अवस्थी, विद्या यादव, सीमा अहिरवार मौजूद रहे।

# 310 लीटर डीजल चोरी का आरोपी गिरफ्तार 10 लाख की कार जब्त

- इंदौर से माल लेकर दमोह जा रहे ट्रक से चोरी हुआ था डीजल



हरिभूमि न्यूज ⏩ विदिशा

सिविल लाइन पुलिस ने विदिशा-भोपाल हाईवे पर खड़े ट्रक से 310 लीटर डीजल चोरी के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का डीजल और वारदात में इस्तेमाल की गई 10 लाख रुपए की कार जब्त की है।

यह घटना 5 अप्रैल की देर रात विदिशा-भोपाल हाईवे बायपास पर हुई थी। इंदौर से माल लेकर दमोह जा रहे ट्रक चालक राजेश कुर्मी ने विदिशा के पास अपने टैंकर में डीजल भरवाया था। रात के समय वह बायपास पर ट्रक खड़ा कर आराम कर रहा था। इसी दौरान आरोपी ने सुनसान का फायदा उठाकर टैंकर से करीब 310 लीटर डीजल चुरा लिया, जिसकी कीमत लगभग 28 हजार रुपए थी। घटना के बाद ड्राइवर ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की और मुखबिर व तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी की पहचान की।

### चोरी के लिए लग्जरी कार का उपयोग

पुलिस टीम ने रायसेन जिले के मोडीकोड़ी गांव में दबिश देकर आरोपी आमिर खान को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी आमिर खान के कब्जे से चोरी किया गया डीजल बरामद कर लिया है। वारदात में इस्तेमाल की गई करीब 10 लाख रुपए की कार को भी जब्त की। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह किसी गिरोह से जुड़ा है या पहले भी ऐसी घटनाओं में शामिल रहा है। साथ ही, चोरी किए गए डीजल को कहां और किसे बेचा जाता था, इसकी भी जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### पांचवीं बार सम्मानित हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता



विदिशा। युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले में उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता को रोजगार आयुक्त मप्र गिरीश शर्मा द्वारा पांचवीं बार प्रशंसा पत्र भेजा गया है। मार्च माह की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में विदिशा जिले ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व अगस्त 2025 में तीसरी, दिसंबर में पहली तथा जनवरी, फरवरी 2026 में भी उल्लेखनीय रैंक हासिल की गई थी। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. एबी खान को भी प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

### ग्रामसभाः किसानों को दिलाई गई शपथ

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में नरवाई जलाने की घटनाएं रोकने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड नटेरन के ग्राम आमखेड़ा कालू में वाइब्रेंट ग्रामसभा आयोजित हुई। नायब तहसीलदार पीयूष जैन ने किसानों को नरवाई न जलाने की शपथ दिलाई और इसके दुष्परिणाम बताए। कृषि विस्तार अधिकारी राघवेंद्र अहिरवार ने फसल अवशेषों के उपयोग की जानकारी दी।

### ग्राम पीकलोन में शुरू हुआ राजस्व न्यायालय

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशों के पालन में ग्राम पीकलोन में राजस्व न्यायालय की शुरुआत कर दी गई है। एसडीएम मनीष जैन के आदेशानुसार 8 अप्रैल से वृत पीकलोन के प्रकरणों की सुनवाई ग्रामस्तर पर ही प्रारंभ हो गई है। अब ग्रामीणों को अपने मामलों के निराकरण के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

### प्रेरणा मंच की विचार गोष्ठी आयोजित हुई

विदिशा। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आईआईएचआरडी महाविद्यालय के सौजन्य से प्रेरणा मंच द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता हेतु विचार गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि डॉ. ऐश्वर्य मोदी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. कमल चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य को सर्वोपरि बताया। डॉ. रेखा श्रीवास्तव ने पोषण, डॉ. नीरज कनौजिया ने कविता के माध्यम से सजगता का संदेश दिया। वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संतुलन और सक्रिय जीवनशैली पर जोर दिया।

### फर्जी पंजीयन कर लाखों का घपला, जांच की मांग

कुरवाई। तहसील अंतर्गत ग्राम छीरखेड़ा में शासकीय भूमि पर फर्जी पंजीयन कर फसल तुलवाने का मामला सामने आया है। हरिजन समिति के नाम से लगभग 339.41 हेक्टेयर भूमि जीवन यापन हेतु आवंटित की गई थी। समिति के मुखिया सोमा अहिरवार का 8-10 वर्ष पूर्व निधन हो चुका है, लेकिन उनके परिजन एवं समिति सदस्य अब भी भूमि पर खेती कर रहे हैं। इस वर्ष उपार्जन केंद्र पर पंजीयन कराने पहुंचे किसानों को पता चला कि भूमि का पंजीयन पहले से हो चुका है। जांच में सामने आया कि बरवाई निवासी अभिलाष शर्मा पिता शिवनारायण शर्मा पिछले कई वर्षों से फर्जी पंजीयन कर समर्थन मूल्य पर फसल विक्रय कर लाखों रुपए का लाभ ले रहा है। समिति सदस्यों ने अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

### 24 घंटे में चाकूबाजी का आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। थाना कोतवाली पुलिस ने धारदार हथियार से हमला करने वाले आदतन अड़ीबाज आरोपी को घटना के 24 घंटे में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। 7 अप्रैल को बरईपुरा निवासी मजीत दांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि नीरज अहिरवार उर्फ बच्चा ने शराब के लिए रुपए मांगते हुए चाकू से हमला किया। पुलिस ने एसपी के निर्देशन में टीम ने तत्पर कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

## 7 माह से वेतन न मिलने पर एसएटीआई पॉलिटेक्निक कर्मचारियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी

# पूर्व वित्तमंत्री राघवजी ने वित्तमंत्री से की चर्चा, 7 दिन में समाधान न हुआ तो परीक्षा का बहिष्कार करेंगे पॉलीटेक्निक के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏩ विदिशा



एसएटीआई पॉलिटेक्निक के कर्मचारियों की वेतन न मिलने के विरोध में हड़ताल चौथे दिन गुरुवार को भी जारी रही।

कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें पिछले सात माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। विशेष रूप से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को परिवार चलाने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

वेतन संकट को लेकर कर्मचारियों ने पूर्व वित्त मंत्री राघवजी भाई, विधायक मुकेश टंडन तथा नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। सभी जनप्रतिनिधियों ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। राघवजी भाई ने प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा एवं संस्था प्रबंधन से बात कर वेतन संकट जल्द दूर करने का आग्रह किया।

कर्मचारियों की मांग के समर्थन में आम आदमी पार्टी भी धरना स्थल पर पहुंची। प्रदेश अध्यक्ष (अनुशासन समिति) भगवत सिंह राजपूत और जिला अध्यक्ष नवीन शर्मा ने कर्मचारियों के समर्थन में आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि वेतन का निराकरण शीघ्र नहीं हुआ तो वे आगामी परीक्षाओं का बहिष्कार करेंगे।

# हैदरगढ़ में सराफा व्यापारी से लाखों के जेवर से भरा बैग छीनकर फरार हुए 3 नकाबपोश

हरिभूमि न्यूज ⏩ हैदरगढ़



हैदरगढ़ क्षेत्र में बुधवार शाम सराफा व्यापारी से लूट की बड़ी वारदात सामने आई है। हाट बाजार से लौट रहे व्यापारी मनोज सोनी को गुंजारी पुलिया के पास 3 नकाबपोश बदमाशों ने निशाना बनाया और लाखों के जेवरात से भरा बैग छीनकर फरार हो गए।

मनोज सोनी हैदरगढ़ हाट बाजार से व्यापार कर अपने गांव बासादेही लौट रहे थे। शाम करीब 7 बजे गुंजारी पुलिया के पास पहले से घात लगाए खड़े बदमाशों ने उनकी बाइक रोक ली। चेहरों पर नकाब पहने आरोपियों ने अचानक हमला कर बैग छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर बदमाशों ने मारपीट की और डंडा मारकर बैग छीन लिया। बैग में लगभग 4 से 6 किलो चांदी और करीब 3 तोला सोना रखा था, जिसकी कीमत 8 से 10 लाख रुपए बताई जा रही है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि मामला दर्ज कर पांच थानों की टीम जांच में जुटी है और जल्द ही आरोपियों का खुलासा किया जाएगा।

# किसानों का स्वागत कर सायलो पर खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏩ विदिशा

गेहूं खेड़ी में स्थित सायलो (भंडारण केंद्र) में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी का गुरुवार को विधायक मुकेश टंडन ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उपार्जन केंद्र पर पहुंचे किसानों का तिलक लगाकर एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। विधायक मुकेश टंडन ने इस अवसर पर कहा कि शासन द्वारा किसानों की उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए पारदर्शी एवं व्यवस्थित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। सायलो प्रणाली के माध्यम से भंडारण की बेहतर सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम विदिशा, जिला आपूर्ति अधिकारी, उप संचालक कृषि, जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी, वेयरहाउस प्रबंधक, मार्कफेड के जिला प्रबंधक तथा जिला सहकारी बैंक के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से सायलो में उपार्जन कार्य की शुरुआत की।

# स्कूली वाहनों की ओवरलोडिंग पर सख्ती अभियान चलाने कलेक्टर ने निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏩ विदिशा



गुरुवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी स्कूल वाहनों का वैध रजिस्ट्रेशन, फिटनेस और सुरक्षा मानकों का पालन हो। इस माह विशेष अभियान चलाकर स्कूल बसों एवं ऑटो की जांच की जाएगी। स्कूली ऑटो में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने पर सख्त कार्रवाई होगी। सप्ताह में दो दिन विशेष चेकिंग अभियान चलाने कहा। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने, प्रमुख मार्गों और बाजारों से अतिक्रमण हटाने तथा सब्जी मंडी में सुव्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मॉडिफाइड दोपहिया वाहनों और तेज आवाज वाले साइलेंसर पर कार्रवाई करते हुए संबंधित दुकानों के विरुद्ध गुमास्ता निरस्तीकरण की प्रक्रिया अपनाने को कहा गया। एसपी ने हेलमेट अनिवार्यता और तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती के निर्देश दिए।

# पं. गंगा प्रसाद पाठक की स्मृति में शास्त्रीय संध्या का आयोजन हुआ

विदिशा। पं गंगा प्रसाद पाठक के 50वें पुण्य स्मरण पर पाठक न्यास द्वारा माहेश्वरी धर्मशाला में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायक पं यशवंत शर्मा ने राग श्याम कल्याण से किया। इसके बाद मध्यलय तीनताल में वृंदावन दधि बेचे गुजरिया तथा देवांगन रचित तराना सुनाया। तबले पर शशिकांत शर्मा और हारमोनियम पर पं नीलेश तिवारी ने प्रभावी संगत की। दूसरे चरण में ग्वालियर घराने के वरिष्ठ गायक पं सज्जन लाल ब्रह्मभट्ट द्वारा लिखित पुस्तक ग्वालियर घराने के मूर्धन्य गायक पं गंगा प्रसाद पाठक का




विमोचन हुआ। अंतिम चरण में भोपाल की ख्यात शास्त्रीय गायिका सुलेखा भट्ट ने राग वाचस्पति से गायन आरंभ किया। कार्यक्रम में कलेक्टर अंशुल गुप्ता मौजूद रहे। संचालन सुदिन श्रीवास्तव एवं आभार प्रदर्शन सुनील जैन ने किया। न्यास ने 11 अप्रैल को रवीन्द्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम में नाटक ययाति देखने का आमंत्रण भी दिया।

# कार्यकाल पूर्ण, न्यायाधीशों का सम्मान कर जिला अभिभाषक संघ ने विदाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏩ विदिशा



विदिशा में पदस्थ न्यायाधीश नंदनी शुक्ला, शिवानी चतुर्वेदी एवं साकेत जैन के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर गुरुवार को जिला अभिभाषक संघ के सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम, विशेष न्यायाधीश जीसी शर्मा, अपर सत्र न्यायाधीश मनोज शर्मा, राजेश शर्मा, अपर्णा शर्मा, कंचन सक्सेना सहित समस्त न्यायाधीश एवं अधिवक्ता मौजूद रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने अपने कहा कि अधिवक्ताओं का ज्ञान और अनुभव न्यायाधीशों के लिए न्यायदान की प्रक्रिया में अत्यंत उपयोगी है। अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने न्यायाधीशों को निष्पक्ष, निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से कार्य करने तथा प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा सुनिश्चित करने का संदेश दिया। अधिवक्ता एलएल जैन सहित पूर्व अध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, मदन किशोर शर्मा, रामजी सोनी एवं बसंत माहेश्वरी ने भी न्यायाधीशों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। न्यायाधीशों को शाल-श्रीफल, साल भांजीका एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने की तथा मंच संचालन सचिव राजेंद्र सिंह दांगी द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन सचिव कौशल मांझी ने किया।

### दुर्गानगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

विदिशा। नगर के दुर्गा नगर मंडल द्वारा आयोजित भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान–2026 का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। वर्ग में संगठनात्मक विषय, बूथ सशक्तिकरण, जनकल्याणकारी योजनाएं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मीडिया प्रबंधन एवं प्रभावी जनसंपर्क तंत्र पर सात सत्र आयोजित किए गए। मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि संगठन ही पार्टी की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वर्ग में विधायक मुकेश टंडन सहित कई जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। प्रदर्शनी का उद्घाटन भी प्रदेश अध्यक्ष द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3450
उच्चतम भाव-5800
सरसों
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-7240
चना
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-5500
मसूर
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-8600
शरबती
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4901
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-1813
उच्चतम भाव-3200
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2050
उच्चतम भाव-2182
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2050
उच्चतम भाव-3158
अलसी
न्यूनतम भाव-7065
उच्चतम भाव-7292
धनिया
न्यूनतम भाव-10000
उच्चतम भाव-11700
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-3350
बटरी
न्यूनतम भाव-3215
उच्चतम भाव-4380
मटर
न्यूनतम भाव-3050
उच्चतम भाव-3645

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 36169 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने किया खेल मैदान का निरीक्षण

**गंजबासौदा।** गुरुवार को दोपहर के समय विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के खेल मैदान का निरीक्षण किया। मैदान में सुविधाओं की कमी और उन्हें बढ़ाने की मांग को लेकर स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने विधायक से मुलाकात करते हुए बताया गया था कि यह मैदान शहर के बीचों-बीच स्थित एकमात्र प्रमुख खेल स्थल है। शहर के अधिकांश खिलाड़ी अभ्यास करते हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं के बाद मेडिकल टेस्ट की तैयारी करने वाले प्रतिभागी भी इसका इस्तेमाल करते हैं। सुबह और शाम सैकड़ों लोग दौड़ने का अभ्यास करने आते हैं। खेल प्रेमियों ने विधायक से आग्रह किया कि खेल परिसर में जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, दौड़ के लिए ट्रैक बनाया जाए और क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान दर्शकों के बैठने की सुविधा सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान विधायक हरि सिंह रघुवंशी के साथ लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, पटवारी भी मौजूद थे। विधायक ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सुविधाएं बढ़ाने के प्रयास की बात कही।

# देहात पुलिस ने मंदिर में चोरी करने वाले चोरों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देहात थाना पुलिस ने एक माह में तीसरी मंदिर चोरी का खुलासा करते हुए 12 चांदी के छत्र कीमती 2.20 लाख जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल को देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले श्री कालसेन भैरव मंदिर से 13 चांदी के छत्र चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिस पर धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपियों एवं चोरी गए माल की तलाश हेतु विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा लगभग 70 सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की गई तथा 40 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। सूत्रों से प्राप्त



जानकारी के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। जिसमें राम सोनी उम्र 25 वर्ष, आयुष सोनी उम्र 25 वर्ष निवासी गांधी चौक को पकडा गया और आरोपियों से पूछताछ में उन्होंने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 13 में से 12 चांदी के छत्र कीमती 2,20,000 रुपए जब्त किए गए। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी मनोज दुबे, दिव्यक्रांति भार्गव, सियाराम, रामनिवास मीना, राहुल झा एवं ऋषभ श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव की उपस्थिति में सभी सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में सीएमएचओ डॉ. रविन्द्र चिड़ार, डॉ. सूरज अहिरवार एवं उनकी टीम द्वारा सफाई मित्रों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें सामान्य जांच, स्वास्थ्य परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी संजय भावसार, स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मीणा, अभिषेक श्रीवास्तव तथा सहयोगी संस्था नगर पालिका परिषद एवं आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी से पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा, अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम की विशेष उपस्थिति रही। इस पहल का उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की नियमित जांच कर उन्हें स्वस्थ एवं सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करना है, जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन और अधिक प्रभावी तरीके से कर सकें।

## कृषि प्रधान भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयास

# सड़क निर्माण,आधुनिक खेती से हो रहा ग्रामीणों का विकास: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विकसित भारत निर्माण के लिए चौमुखी विकास किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण एवं किसान विकास पर प्रमुखता से जोर दिया जा रहा है। कृषि प्रधान भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। जिसमें किसानों को आधुनिक एवं उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए सरकार तमाम प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही है। किसानों को प्रशिक्षण भी दे रही है। जिसको लेकर ग्रामीण अंचलों में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। जिससे ग्रामीण अंचल मुख्य सड़कों और शहरों से लगातार जुड़ते जा रहे हैं। जो भारत की ग्रामीण विकास की इबारत लिखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। उक्त उद्गार विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने सड़क निर्माण





भूमि पूजन कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने ग्राम पबई से ग्राम हिरनोंदा के लिए आधा किलोमीटर लंबी सड़क का भूमि पूजन किया। इस सड़क का निर्माण साढ़े 43 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। वहीं विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने ग्राम करारी से करौंदा खुर्द की तीन किलोमीटर लंबी सड़क का भी भूमि पूजन किया। इस सड़क का निर्माण 2 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। जिसको लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विधायक हरिसिंह रघुवंशी का आभार माना। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने 11 से 13 अप्रैल तक रायसेन में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय जिला कृषि मेला को किसानों के लिए गेम चेंजर बताया है। जिन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रायसेन के दशहरा मैदान में तीन दिवसीय मेला आयोजित कर रहे हैं। जिसमें किसानों को आधुनिक, उन्नत और खेती को लाभ का धंधा बनाने का निःशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें बीज, खाद, फसल पैदा करने का आधुनिक तरीका बताया जाएगा। वहीं आधुनिक तकनीक ड्रोन से बीज, दवा छिड़काव का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान केंद्र एवं प्रदेश की विभिन्न कृषक हितैषी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ दिया जाएगा। जो किसानों के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। विधायक ने ग्रामीणों से रायसेन कृषि मेला में अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

## भाइयों में जमीन विवाद खूनी संघर्ष में बदला हत्या के प्रयास का मामला दर्ज




**गंजबासौदा।** शहर थाना क्षेत्रांतर्गत स्वरूपनगर ओवरब्रिज के पास गुरूवार की सुबह भाईयों का जमीन विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। जिसमें बड़े भाई महेश कुशवाह ने अपने छोटे भाई बुंदेलसिंह और देवीसिंह के साथ धारदार हथियारों से मारपीट कर दी। जिसमें उन्हे गंभीर चोटें आई हैं। विवाद साढे तीन बिस्बा जमीन के हिस्से को लेकर बताया जा रहा है। परिजन घायल अवस्था में बुंदेलसिंह और देवीसिंह को शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उन्हे भोपाल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वरूप नगर में देवीसिंह, बुंदेलसिंह और महेश कुशवाह का परिवार रहता है। इनके पास 10 बिस्बा पुस्तैनी जमीन है, जिसको लेकर महेश अक्सर विवाद करता था। जबकि बुंदेलसिंह और देवीसिंह एक साथ रहते थे। गुरूवार को महेश ने अपने बेटे चंद्रेश, गोलू और पत्नि वंदना के साथ मिलकर हमला कर दिया। जिसमें छोटे भाई बुंदेल सिंह और देवीसिंह को फरसा लग जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने तत्काल पुलिस फोर्स भेजा और आरोपितों की धरपकड़ प्रारंभ कर दी। जिसमें पुलिस को सफलता हाथ भी लगी है, पुलिस ने बुंदेलसिंह की शिकायत पर बीएनएस की धारा 109(1), 296(बी), 115(2), 351(3), 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

## यातायात पुलिस ने बनाए चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में नगर के त्योंदा रोड पर वन डिपो के आगे तथा जय स्तंभ चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई की गई। वाहन चैकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना नंबर और यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों से राशि वसूल कर चालानी कार्रवाई की गई। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 8 वाहन चालकों से 2400 रुपए जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई मुख्य रूप से बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना वैध दस्तावेज और दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी ओवरलोडिंग बैठाने वालों के विरुद्ध की गई।

## नवग्रह कथा के साथ होगा महायज्ञ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री शनि देव शक्ति धाम के 21 वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। पंडित केशव प्रसाद गुरु के निवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 9 से 16 मई शनिवार तक बर्री घाट रोड स्थित श्री शनि देव शक्ति धाम में नवग्रह सत्संग कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए नवग्रह महायज्ञ का भी आयोजन किया जाएगा तथा कथा का वाचन पंडित केशव गुरु के मुखारविंद से होगा, जिसमें नवग्रहों की महिमा, उनके प्रभाव एवं जीवन में उनके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार करने हेतु 15 अप्रैल रात्रि 8 बजे श्री राम जानकी मंदिर, गांधी चौक पर एक बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई है। इस अवसर पर पंडित केशव प्रसाद शास्त्री, दीपक तिवारी, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित संतोष शर्मा, दिनेश दंडोतिया, गोपाल प्रसाद, सतीश पाराशर, नित्य प्रकाश शर्मा, हरिशंकर तिवारी, लोकतंत्र सेनानी बाबूराम सचान, भारतीय सिंधु सभा के संभागीय प्रभारी राजकुमार मलकानी, कैलाश नामदेव, हिंदू चेतना सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश रघुवंशी, प्रशांत शर्मा, दीपक पाराशर, पदम सिंह यादव, भीकम सिंह, मुन्ना भैया, लोकेश सक्सेना, सतीश शिल्पकार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# टीईटी के विरोध में शिक्षक आंदोलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देश के भविष्य को गढ़ने वाले गुरुजन आजकल आंदोलन की राह पर हैं। शिक्षक पात्रता परीक्षाओं को गुरूजनों ने अपनी गरिमा के विरुद्ध एक षडयंत्र माना है। त्रिस्तरीय आंदोलन के तहत प्रथम चरण मे विदिशा में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। अब द्वितीय चरण में विधायक से अपनी पीड़ा बयान करने शिक्षक सामूहिक रूप से एक साथ चलेगें। शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष पृथ्वीसिह रघुवंशी ने जिला स्तरीय आंदोलन में सहभागिता पर शिक्षक साथियों का आभार व्यक्त करते हुऐ बताया अब हम सबको इसी तरह अपनी एकता बनाए रखते हुऐ दितीय चरण में 11 अप्रैल को ज्ञापन सौपा जाना था, लेकिन विधायक हरीसिंह रघुवंशी 11 तारीख को अन्य कार्यक्रम में व्यस्त होने के चलते अब हम सभी उनको मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन शुक्रवार 10 अप्रैल को शाम छह बजे जनपद पंचायत परिसर मे सौपेंगे। मध्यप्रदेश के वरिष्ठ कर्मचारी नेता सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया शिक्षकों की मुख्य हुंकार है कि TET परीक्षा पूर्णतः निरस्त की जाए। सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से ही मान्य हो हमारी यह प्रमुख मांगे जब तक पूरी नही होती आंदोलन जारी रहेगा। जिला संयोजक सुनील रघुवंशी विनोद श्रीवास्तव, संजीव रघुवंशी , अजय शर्मा, निर्भय सिंह, राम राज सिंह दांगी, महिला प्रकोष्ठ की अनीता ठाकुर, माधवी भाटिया ने कहा जब तक हम चुप रहेंगे, हमारे हक छीने जाएंगे। जब हम साथ चलेंगे, तो इतिहास लिखा जाएगा। उन्होंने अपील की कि शुक्रवार को शाम छह बजे जनपद पंचायत परिसर मे अधिक से अधिक शिक्षक साथी एकजुट होकर अपनी एकता का संदेश दें। आह्वान करने वालों में भगवती देवी, रजनी श्रीवास्तव, सपना शर्मा, ममता लोधी ,प्रमिला रघुवंशी, वंदना रघुवंशी, निशा गुप्ता, रश्मि तोमर, यामिनी त्रिवेदी,




संगीता मालवीय, रूपल दुबे, किरण चौरसिया, ममता साध्य, निशा जैन, साधना सोनी, अमर सिंह तोमर, महेन्द्र सिंह, अरूण पांडे, अमित श्रीवास्तव, वीरेंद्र दिवाकर, समीर याज्ञनिक, एलआर अहिरवार, शमशीर अली नकवी, संजय अहिरवार, भगवान दास पंथी, लक्ष्मी प्रसाद कुशवाह, देवचंद अहिरवार, भागमल बमन्या, हेमंत विश्वकर्मा, सैयद लियाकत अली, सुरेश अहिरवार,विजय नामदेव, जितेन्द्र नामदेव, संजय श्रीवास्तव ,अभिषेक माथुर शामिल हैं।

## गिरोह के झांसे में आकर सैकड़ों लोग बन रहे शिकार

# फेसबुक, इंस्टाग्राम पर सक्रिय फर्जी गिरोह लोगों को ठग रहे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोशल मीडिया पर आस्था और भरोसे के नाम पर ठगी का एक नया खेल चल रहा है, जिसमें लोगों को धार्मिक प्रोडक्ट दिखाकर ऑर्डर लिया जाता है और बदले में सस्ता व नकली सामान भेज दिया जाता है। नगर में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिसमें आस्था के नाम पर इस तरह की धोखाधड़ी करके उपभोक्ताओं की श्रद्धा से विश्वासघात कर हजारों की चपत लगा दी गई है। ऐसे ही एक ताजा मामले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से बुक की गई "बाल हनुमान जी की मूर्ति के नाम पर 1099 वसूलकर पार्सल में सिर्फ सस्ता नेकलेस भेजा गया, जिससे एक बार फिर ऑनलाइन ठगी का यह खतरनाक ट्रेंड उजागर हुआ है। उन्होंने इस मामले की शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की बात कही है। ज्ञात हो कि इन दिनों सोशल मीडिया साइट पर विज्ञापनों की भरमार है। हर व्यक्ति के हाथ में एंड्राइड मोबाइल होने से कंपनियों को अपने प्रोडक्ट की मार्केटिंग का जबरदस्त हथियार मिल गया है। इस मार्केटिंग की बाढ़ में कई ऐसे गिरोह भी सक्रिय हो गए हैं जो फेसबुक इंस्टाग्राम पर फर्जी लुभावने विज्ञापन दिखाकर लोगों को आकर्षित करते हैं, जिसको देखकर लोग सामान बुक कर देते हैं और बाद में उन्हें नकली सामान मिलता हैं। मिल रोड निवासी अरुण ने भी ऐसे ही फेसबुक पर चल रहे एक धार्मिक विज्ञापन को देखकर मूर्ति का प्रोडक्ट का ऑर्डर किया था। विज्ञापन में "बाल हनुमान जी" से जुड़ा प्रोडक्ट दिखाया गया था। भरोसे में आकर उन्होंने कैश ऑन डिलीवरी COD के माध्यम से 1099 का ऑर्डर बुक किया। जब पार्सल घर पहुंचा तो पैकेट के ऊपर लगे इनवॉइस में स्पष्ट रूप से बाल हनुमान जी और 1099 अंकित था। लेकिन जब पैकेट खोला गया तो उसमें एक बेहद सस्ता नेकलेस और कपड़े की कतरन निकली। इस मामले में पार्सल पर "SHIVO-HAM GROUP" नाम अंकित है, जिसकी सत्यता संदिग्ध बताई जा रही है। वहीं इस विरोधाभास ने यह साफ कर दिया कि यह कोई गलती नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से किया गया फ्रॉड है, जिसमें ग्राहकों को भ्रमित कर पैसा वसूला जा रहा है। इस पूरे मामले में सबसे गंभीर बात यह सामने आई है कि ठगों ने लोगों की धार्मिक भावनाओं को निशाना बनाया है। "हनुमान जी यह अन्य देवी देवताओं के नाम का उपयोग कर लोगों का विश्वास जीतना आसान होता है और इसी का फायदा उठाकर इस तरह की ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। नगर में एक दर्जन से अधिक प्राइवेट कोरियर कंपनी के डिलीवरी सेंटर हैं। डाकघर से भी पार्सल की डिलीवरी होती है। एक कोरियर कंपनी के संचालक दिनेश रघुवंशी ने बताया कि उनके यहां इस तरह की ठगी का शिकार हुए रोज 8 से 10 मामले आ रहे हैं। सोशल मीडिया साइट पर फर्जी पेज और विज्ञापन तैयार धार्मिक नामों और तस्वीरों के साथ आकर्षक विज्ञापन बनाए जाते हैं। फिर भावनात्मक अपील में "घर में सुख-समृद्धि आएगी", "विशेष आशीर्वाद प्राप्त होगा" जैसे संदेशों का उपयोग कर विश्वास पैदा किया जाता है। कैश ऑन डिलीवरी विकल्प देकर भरोसा बढ़ाया जाता है, जिससे ग्राहक निश्चिंत होकर ऑर्डर कर देता है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऑनलाइन खरीदारी से पहले विक्रेता की विश्वसनीयता, रिव्यू और वेबसाइट की जांच करना जरूरी है, ताकि इस तरह की ठगी से बचा जा सके। जानकारों के अनुसार फेसबुक और इंस्टाग्राम पर इस तरह के फर्जी पेज और विज्ञापन रोजाना बड़ी संख्या में सक्रिय रहते हैं। ठग पहले नए नाम से पेज बनाते हैं, कुछ दिनों तक विज्ञापन चलाकर ऑर्डर लेते हैं और फिर गायब हो जाते हैं।

# शराब दुकान हटाने विधायक को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के रेल्वे स्टेशन के पास एवं श्री राम जानकी मंदिर के सामने संचालित शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर 10 दिनों से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। गुरुवार को युवाओं ने विधायक हरिसिंह रघुवंशी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि रेलवे स्टेशन के समीप एवं श्री राम जानकी मंदिर तथा समीपस्थ शिव मंदिर के पास संचालित शराब दुकान के कारण आम नागरिकों, यात्रियों, महिलाओं, बच्चों, विद्यार्थियों एवं श्रद्धालुओं को निरंतर असुविधा एवं असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। यह क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील एवं अत्यधिक व्यस्त है, जहाँ प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। उक्त स्थान के आसपास बैंक, शैक्षणिक संस्थान एवं अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक संस्थान स्थित हैं। शराब दुकान के कारण यहाँ असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है, जिससे नशे की स्थिति में झगड़े, गाली-गलौच



एवं अव्यवस्था जैसी घटनाएं सामान्य हो गई हैं। शराब दुकान की उपस्थिति से धार्मिक स्थलों की गरिमा प्रभावित हो रही है तथा कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा की दृष्टि से यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि इस गंभीर विषय पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान कर, उक्त शराब दुकान का स्थल निरीक्षण करवाकर इसे शीघ्रातिशीघ्र अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित अथवा नगर सीमा से बाहर किया जाऐ। साथ ही, जब तक उक्त शराब दुकान को वर्तमान स्थान से नहीं हटाया जाता, तब तक क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इस मांग के समर्थन में नगर के नागरिकों द्वारा दिनांक 31 मार्च से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है, जो मांग पूर्ण होने तक जारी रहेगा। मांग पूर्ण नहीं होगी तो युवा भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर हो जाऐंगे।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने सिद्धगुआं आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने आंगनबाड़ी केंद्र सिद्धगुआं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में बच्चों को दी जा रही शैक्षणिक और पोषण संबंधी सुविधाओं का विस्तार से जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा आंगनबाड़ी केन्द्र मिलने वाली सुविधाओं की स्थिति के बारे में पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में लगे तौलयंत्र देखा एवं बच्चों का वजन करवाया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों को वितरित किए जा रहे पोषाहार की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने बच्चों से आज नाश्ता एवं भोजन में मिली सामग्री की जानकारी ली। बच्चों ने कढ़ी चावल और दलिया मिलाना बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पौष्टिक आहार अत्यंत आवश्यक है।

## अधिवेशन के सहयोगियों को सम्मानित किया

**सागर।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद के द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन मे सागर मे सहयोगियो को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वर्ष 2026 _2028 के लिए चयनित संभागीय अध्यक्ष, शाखा पदाधिकारियों ने स्वागत किया। पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डॉ आशा जैन ने स्वागत भाषण दिया। अधिवेशन समितियों के प्रभारियों, उनके सहयोगियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए, आवास व्यवस्था के लिए सुनीता अरिहंत, प्रशासनिक व्यवस्था के लिए मीना प्रधान, मंच व्यवस्था के लिए ममता जैन, अवॉर्ड व्यवस्था के लिए साक्षी सराफ को विशेष रूप से सम्मानित किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकारी केंद्रीय अध्यक्ष, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष शकुंतला जैन निधि जैन, नूतन नाहर, विद्या चौधरी आदि लोग मौजूद थे।

### स्थानीय अधिकारियों को जांच-पड़ताल करने की नहीं फुर्सत

# बिना फिल्टर बिक रहा मिनरल वाटर के नाम से पीने का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



भीषण गर्मी में शहर में आरओ वाटर के नाम पर लाखो रूपये का करोबार हो रहा है। घर से लेकर दुकान और सरकारी कार्यालयों में सप्लाई होने वाले इस पानी को लोग सेहतमंद समझकर पी रहे हैं, लेकिन शायद उन्हें पता नहीं कि आरओ वाटर के नाम पर सिर्फ नल का पानी ही ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। इसकी शुद्धता की कोई गारंटी नहीं है।

### शादी समारोह के अलावा रोजमर्रा के कामों में भी इस पानी का खूब उपयोग

जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को धत्ता बताते हुए पानी के कारोबार से जुड़े लोग मिनरल वाटर के नाम पर केमिकल युक्त पानी को बेझिझक होकर बेच रहे हैं। इस पानी की बोतलों से भरे मिनी टैंकर दिनभर शहर की सडकों पर दौड़ रहे हैं। जन स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारियों की मानें तो मिनरल के नाम पर बाजार में बिक रहे पानी में स्वास्थ्य के लिहाज से वांछित तत्व मौजूद नहीं है। इससे लोग गंभीर बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। शहर में मिनरल वाटर का बहुतायात से उपयोग किया जा रहा है। लोग इसके प्रतिकूल प्रभावों से अनजान है। चिकित्सकों के अनुसार पीने का पानी गंध रहित, सुस्वाद, स्वच्छ, शीतल और जीवाणु रहित होना चाहिए। शहर में बिक रहे मिनरल पानी में इन तत्वों का अभाव है। पानी को फिल्टर किए बिना केमिकल डालकर इसे खुलेआम बेचा जा रहा है। नियमानुसार इस तरह पानी बेचना कानूनन अवैध है।

### केनों में नहीं लिखा होता नाम व पता

कार्यालय, घर व किसी भी कार्यक्रम में जिस केन से ठंडे पानी की सप्लाई की जाती है, उसमें संस्था का नाम व आईएसआई सर्टिफाइड होने का मार्क लगा होना चाहिए, लेकिन पानी की सप्लाई करने वाले अधिकांश कारोबारियों की केनों में इसका उल्लेख नहीं होता। कारोबारियों द्वारा साधारण तौर पर एक केन में पानी भर कर सप्लाई कर देते हैं। कारोबारियों द्वारा 20-25 रुपए में एक केन पानी दिया जाता है। हर माह पानी के धंधे से जुड़े लोग लाखों रुपये की कमाई करते है।

### यहां पर संचलित हो रहा पानी का व्यापार

शहर के दर्जनों स्थानों के साथ साथ बाहरी इलाकों में लोगों द्वारा मनमाने तौर पर पानी की दुकानें चलाई जा रही है। जिसमें शहर के काला बाजार, रोहिलपुरा तिराहा, कस्टम पथ, छत्रीनाका सहित कई स्थानों पर बिना किसी मापदंड के ही वॉटर प्लांट लगाकर पानी बेंचा जा रहा है। मगर स्थानीय अधिकारियों द्वारा इन लोगों पर कभी किसी तरह की जांच और कार्यवाही नहीं की जाती।

### मापदंड अधूरे

शहर में चल रहे आरओ प्लांट कितने मापदंड पूरे करते हैं। यह जांच का विषय है। लेकिन व्यवसायियों ने बताया कि मापदंडों के अनुसार तो ल्यूज वाटर का व्यवसाय नहीं किया जा सकता है। लेकिन अधिकारियों से अच्छी सांठ-गांठ के चलते कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ता।

**जानकारी नहीं दे पाऊंगा...**

मैं इस बारे में कुछ जानकारी नही दे पाऊंगा।

संदीप वर्मा,
खाद्य सुरक्षा अधिकारी विदिशा।

**औचक निरीक्षण करेंगे...**

यदि कोई पानी की छोटी वॉटल, पानी के पैकेट बनाकर बेच रहा है तो हम औचक निरीक्षण कर कार्यवाही करेंगे।

हरिशंकर विश्वकर्मा, एसडीएम सिरोंज।

### हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा कर दिए दिशा निर्देश

# गांव चलें बस्ती चलें अभियान के तहत ग्रामों में पहुंचे विधायक उमाकांत शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



गुरुवार शाम को विधायक उमाकांत शर्मा गाँव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत ग्राम चोडा खेड़ी, ओराखेड़ी, और नेकान पहुँचे जहाँ उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं को लेकर ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की तथा हितग्राही मूलक योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही उपस्थित कार्यकर्ताओ का पटका उड़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अमोल सिंह जाटव, कैलाश शर्मा, संतोष चोरे अशोक रावल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### 70 वर्षीय राधिया बाई रही मुख्य अतिथि

वही चौड़ा खेड़ी मे आयोजित कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा 70 वर्षीय राधिया बाई को मुख्य अतिथि बनाया गया। जिसमें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस था भाजपा के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेई रहे जिनके कार्यकाल में में प्रधानमंत्री सड़क किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं का लाभ मिला है और आज सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास सबका विश्वास और सबको प्रधानमंत्री आवास देने वाली सरकार है आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्थिर सरकार है जबकि आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अस्थिरता देखने को मिल रही है कई देश गरीब हो रहे हैं भारत आर्थिक मजबूती के साथ खड़ा है और मोदी जी के नेतृत्व में चौमुखी विकास कर रहा है, हम सभी समाज के लोगों के यहां खाते पीते हैं यही बीजेपी की रीति- नीति और एकात्म मानववाद का सिद्धांत रहा है हमने कई लड़ाइयां लड़ी है और गरीब व्यक्ति को सताने वाले के खिलाफ आज भी लड़ रहे हैं और नियम अनुसार कार्रवाई करते रहेंगे।

### मंच पर युवा, नारी, किसान और गरीब

जब विधायक उमाकांत शर्मा बस्ती चलो अभियान के तहत चोडा खेड़ी पहुंचे तब वहां मंच पर मोदी जी के द्वारा हमेशा कहा जाने वाला शब्द कि मेरे सिर्फ 4 जाती हैं युवा नारी किसान और गरीब वही आज हमने कार्यक्रम में मंच पर देखी।

## 2 दिन नगर में पानी सप्लाई रहेगी बंद

**सिरोंज।** भोपाल रोड स्थित नगर पालिका वाटर प्लांट पर पानी की टंकी की धुलाई का कार्य किया जाएगा। मेटेंनेंस कारणों के चलते इस दौरान 11 व 12 अप्रैल को नगर में पानी की सप्लाई बंद रहेगी।

### किसान के घर पहुंचकर जाना हाल

# किसान नेता सहायता दिलाने लेकर तहसीलदार से की चर्चा



**सिरोंज।** ग्राम जगथर में किसान बादल सिंह पाल के यहां पर घर पर लगी आग में उनका ट्रैक्टर तकरीबन 200 पाइप समेत 10 लाख के कृषि उपकरण और घर में बहुत नुकसान हो गया था। इस मौके पर किसान कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी,गगनेन्द्र रघुवंशी आदि ने ग्राम जगथर पहुचें पीडित किसान बादल सिंह को सहायता दिलाने हेतु तहसीलदार संजय चौरसिया से चर्चा की। इस मौके पर ग्रामीण मौजूद रहें।

## डॉ श्याम मनोहर सीरोठिया को एक्सीलेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया

**सागर।** नगर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मध्यप्रदेश के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डॉ श्याम मनोहर सीरोठिया को आई. एम. ए. संगठन एवं चिकित्सकों के हित में की गई सुदीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विगत दिनों भोपाल में आयोजित आई.एम.ए.की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक में एक्सीलेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान आई.एम.ए. के प्रदेश अध्यक्ष डॉ बी.एम. शरणागत, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष डॉ एम.के. जैन प्रदेश सचिव डॉ दीपक साहू द्वारा प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व डॉ सीरोठिया को प्रदेश आई. एम. ए. के लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर प्रदेश आई. एम. ए. के अनेक पूर्व अध्यक्ष डॉ हरियाणी इंदौर, डॉ अरविंद जैन, डॉ पी नेमा, डॉ ब्रजेश अग्रवाल, डॉ पाठक, डॉ अनिल ठाकुर, डॉ भटेले जबलपुर, डॉ नागर, डॉ निगम उज्जैन, डॉ ए के मिश्रा ग्वालियर, डॉ सुब्बाराव कटनी,डॉ नन्होरिया, डॉ ताल्हा शाद, डॉ अनूप साहू सागर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## चौरसिया समाज का सामूहिक विवाह और परिचय सम्मेलन 25 व 26 अप्रैल को

**सागर।** चौरसिया समाज अखिल भारतीय स्तर पर माँ महलवार मंदिर परिसर काकागंज पर आगामी 25 व 26 अप्रैल को विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन तथा 26 अप्रैल को सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन करेगा। इस अवसर पर 26 अप्रैल को सुबह 10:30बजे से अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा (दिल्ली) की राष्ट्रीय एवं मध्य प्रदेश की संयुक्त कार्यकारिणी की और दोपहर 12:30 बजे से साधारण सभा की बैठक होगी। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव चौरसिया के अलावा इंजी. रमेश चौरसिया, बसंत बाबा, कौशल किशोर, मुकेश आड़तिया सहित देश भर से राष्ट्रीय व मध्य प्रदेश के पदाधिकारीगण और सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे। साथ ही वैवाहिक पत्रिका सागर संगम का विमोचन होगा।

# खरमास समाप्त होने के साथ शुरू होगा विवाह-बारातों का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

15 मार्च से खरमास की शुरुआत होने के साथ विवाह और मांगलिक कार्यो पर रोक लग गई थी। लेकिन अब 14 अप्रैल को सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के साथ खरमास समाप्त होने और 16 अप्रैल से विवाह लग्न के मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो रही है। अप्रैल माह के 15 दिनों में 9 विवाह मुहूर्त है।

### 16 अप्रैल से विवाह शुरू 9 प्रमुख विवाह मुहूर्त

इस बीच अक्षय तृतीय के अबूझ मुहूर्त में विवाह, बारातों की अधिकता और विभिन्न समाजों के आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन भी होगें।

एक माह विवाहों के कार्यक्रम बंद और 16 अप्रैल से विवाहों के शुभ मुहूर्तो की शुरुआत होने से नगर के बाजारों में खरीददारों की भीड़ बढने लगी है। सोने चांदी के जेवरों, कपड़े और किराना दुकानों के साथ इलेक्ट्रानिक्स, फर्नीचर सामग्री की दुकानों पर ग्राहक आने लगे है। आने वाले दिं में ग्राहकी और बढने, बाजारों में भारी भीड़ बनी रहने की संभावना से दुकानदार खुश और उत्साहित नजर आ रहे है।



### शादी से जुड़े व्यवसाय की बढ़ी पूछ परख

16 अप्रैल से विवाहों, बारातों की शुरुआत हो रही है। इसी के साथ केटरिंग, बैंड बाजों, डीजे और सजावट व्यवसाय से जुड़े लोगों की पूछ परख बढ़ गई है। नगर के अधिकांश मैरिज गार्डन पिपरिया रोड, उदयपुरा रोड, फोरलेन वायपास पर बने हुए है। नगर के साथ अब ग्रामों में भी मैरिज गार्डन बन जाने से ग्रामीण गांव के घरों के स्थान पर मैरिज गार्डन से विवाह करना अधिक पसंद करने लगे है।

### सेवा प्रकल्प शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव पहल

# जैन समाज की महिलाओं का उज्जैन में हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

श्री दिगंबर जैन महिला महा समिति के द्वारा उज्जैन में हुए कार्यक्रम के दौरान नगर की जैन समाज की महिलाओं को सेवा प्रकल्पों, शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव पहल क लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया।

उज्जैन में मध्यायंत्र कार्यसारणी के वार्षिक अधिवेशन में नगर की महिला महा समिति को उनके श्रेष्ठ और जन कल्याणकारी कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ संभाग पुरस्कार प्रदान किया। महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंद्रि जैन, मध्यांचल अध्यक्ष श्रीमति संगीता सोगानी, महामंत्री श्रीमति ममता गंगवाल एवं कोषाध्यक्ष पूजा सोगानी ने बरेली संभाग महा समिति की अध्यक्ष श्रीमति अंजली जैन, की मेहनत, समर्पण भाव से किए सेवा कार्यो की प्रशंसा की।

कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त संभाग अध्यक्ष श्रीमति पिंकी जैन एवं कार्यकारणी सदस्यों को बधाई शुभकामनाएं दी। समिति द्वारा 2023 से वर्तमान तक 60 सदस्यों को जोड़ा गया। जरूरतमंद छात्रों को सस्टेश्नरी वितरण के साथ स्कूल फीस जमा की] जिससे वह निवधि रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सके।

# लघु वेतन कर्मचारी संघ की जिला बैठक सम्मेलन हुआ संपन्न

### मांगों को लेकर हुई चर्चा, पदाधिकारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



लघु वेतन कर्मचारी संघ की जिला बैठक और सम्मेलन प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिले की विभिन्न तहसीलों से आए लघु वेतन कार्मचारियों की उपस्थिति में सम्मपन्न हुआ। जिसमें भारी संख्या में माटर शक्ति की उपस्थिति रही। लघु वेतन कर्मचारियों की मांगों, समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किए जाने के साथ पदाधिकारियों की नियुक्ति और घोषणा की गई।

पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में जिला बैठक सम्मेलन में प्रांतीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा निहाल सिंह जाट, संरक्षक कमलेश पटेल, प्रदेश सचिव जिला अध्यक्ष राम बाबू लोधी के साथ सभी तहसीलों से लघु वेतन कर्मचारी महिला पुरुषों की उपस्थिति रही। कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने स्थाई कर्मचारियों को 7वें वेतन मान का लाभ न देने, वरदी न देने, सहित अन्य मुद्दों समस्याओं पर कर्मचारी नेताओं द्वारा चर्चा की गई।

बैठक के दौरान नगर के लखन लाल अहिरवार को संघ का जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गेरतगंज से माधो सिंह, बैगमगंज में लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव, उदयपुरा में रमेश चंद मीना, बड़ी में दिलीय मेवाडे को तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों की जायज मांगें पूर्ण न करने पर जिले समस्त लघु वेतन कर्मचारियों द्वारा रायसेन भोपाल की पद यात्रा करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम से सभी कर्मचारियों, कर्मचारी नेताओं का आभार तहसील अध्यक्ष गिरधारी लाल शिल्पी ने व्यक्त किया।

# ग्राम खेरीमुगली में लक्ष्मी नारायण यज्ञ के साथ चल रही श्रीराम कथा

### समाज के साथ धर्म एवं मर्यादा का मार्ग दिखाने हुआ श्रीराम का जन्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

क्षेत्र के ग्राम खेरी मुगली में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ के साथ चल रही श्रीराम कथा में कथा व्यास रत्नमणी द्विवेदी ने भगवान श्रीराम के जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम का जन्म रावण वध के लिए नहीं वल्कि समाज को सत्य,धर्म और मर्यादा का मार्ग दिखाने के लिए हुआ था। कथा हमें प्रेरित करती है कि जीवन में इन मूल्यों को अपनाएं और अच्छा इंसान बने।

कथा व्यास देवी रत्नमणी द्विवेदी ने भगवान श्रीराम के जन्म, बचपन, विवाह, वनवास की विस्तार से चर्चा की। कहा कि श्रीराम कथा हमें जीवन में हमेशा सत्य और धर्म का पालन करना सिखाती है। इसी के साथ प्रेम, करूणा दूसरों के प्रति रखने की सीख भी देती है।

### कथा सुनने पहुंच रहे श्रद्धालुगण

ग्राम खेरी मुगली में चल रही श्रीराम कथा को सुनने प्रतिदिन भारी संख्या में आसपास के ग्रामीण नर-नारियों की उपस्थिति हो रही है। इसके साथ ही चल रहे लक्ष्मी नारायण यज्ञ की परिक्रमा लगाने तेज धूप गर्मी की परवाह किए बिना नंगें पैर श्रद्धालु सक्रिय बने रहते है।

# बरेली-पिपरिया मार्ग पर टूटे पुल पर बन रहा नया पुल, पिलर निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



बीते साल दिसंबर माह में बरेली पिपरिया मार्ग पर ग्राम नया गांव कला के पास मछावाई पर बना उंचा पुल मरम्मत कार्य के दौरान बीच में से टूट कर धराशाही हो गया। पुल टूटे 4 माह से अधिक समय हो गया है। टूटे पुल के स्थान पर 15 जून से पूर्व नये पुल का निर्माण होना जरूरी है। अन्यथा बारिश में पिपरिया मार्ग पर वाहनों के आवागमन बंद होने की परेशानियों भरी स्थिति बन सकती है।

### चौबीस घंटों उड़ती धूल

एमपीआरडीसी के अन्तर्गत आने वाले बरेली पिपरिया मार्ग पर ग्राम नयागांव कला के पास टूटे पुल के निचले हिस्से में कच्चा वायपास मार्ग का निर्माण कर 4 माह से वाहनों का आवागमन हो रहा है। मछवाई नाले में पानी की निकासी के लिए पाइप डाले गए है। मिट्टी मुरम गिट्टी से बने अस्थायी कच्चे मार्ग पर वाहनों के आवागमन के साथ उड़ती धूल परेशानी के साथ आखों में जलन धूल श्वास के द्वारा फेंफड़ों में जाने से एलर्जी और बीमार होने का कारण बन रही है।

### निर्माणाधीन पुल पर चल रहा पिलर का निर्माण कार्य

टूटे पुल के बचे और खण्डहर भाग को तोड़ गिरा कर नये पुल निर्माण में दो पिलर निर्माण किए जा रहे है। पिलर निर्माण का कार्य अभी प्रारंभिक सार पर है। बारिश शुरु होने में मात्र 2 माह का ही समय बचा है। 15 जून से पूर्व एमपीआरडीसी की जिम्मेदारी वाले नये उंचे पुल का निर्माण पूर्ण हो पाएगा या नहीं हो पाएगा ग्रामीणों, किसानों, नागरिकों में चर्चाओं का विषय बन रहा है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त-2 खामखेडा ग्रामीण तहसील विदिशा (म.प्र.)**

**प्रकरण क्रमांक 0004/अ-20(3)/2025-26**

**//उदघोषणा//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सेवा फाउंडेशन द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय विदिशा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम पौआनाला प.ह.न026 स्थित भूमि सर्वे नं. 14 रकवा 2.445 हे. भूमि में से रकवा 1.609 हे. भूमि पालन सेवा फांडेशन को आवंटित किये जाने का निवेदन किया गया है उक्त प्रकरण माननीय उपखण्ड अधिकारी महोदय के माध्यम से जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इश्तहार प्रकाशन होने से दिनांक 26/04/2026 के पूर्व अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12-03-26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार ग्रामीण तहसील विदिशा**

## अब घर बनाना भी हुआ मुश्किल, मकान निर्माण सामग्री में 30 फीसदी उछाल

# महंगाई की मार : पहले रसोई गैस की किल्लत, अब खाद्य तेल भी 40% महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर और जिले में आम आदमी पर महंगाई की मार लगातार गहराती जा रही है। पहले रसोई गैस की किल्लत और सिलेंडरों की ऊंची कीमतों ने रसोई का बजट बिगाड़ा, अब खाद्य तेल, दाल, आटा और सब्जियों की कीमतों में तेजी ने परिवारों की कमर तोड़ दी है। दूसरी तरफ मकान निर्माण सामग्री सीमेंट, सरिया, गिट्टी, रेत, ईंट और अन्य मटेरियल के दामों में 25 से 30 फीसदी तक की बढ़ोतरी ने घर बनवाने वालों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। हालात यह हैं कि रोटी, कपड़ा और मकान तीनों ही आम आदमी की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं।

गृहणियों, मजदूरों, कर्मचारियों और छोटे व्यापारियों का कहना है कि आय वही है। लेकिन खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आम आदमी अब हर महीने बचत करने की जगह खर्चों को समेटने की जद्दोजहद में लगा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि खाद्य वस्तुओं और निर्माण सामग्री के दामों पर जल्द नियंत्रण नहीं हुआ, तो इसका सीधा असर घरेलू बजट, छोटे कारोबार और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

महंगाई की यह "डायन" अब सिर्फ रसोई तक सीमित नहीं रही, बल्कि घर की नींव तक पहुंच गई है। एक तरफ खाने का खर्च बढ़ा है। तो दूसरी तरफ सिर छुपाने के लिए घर बनाना भी सपना होता जा रहा है। ऐसे में आम आदमी सरकार से राहत और बाजार में नियंत्रण की उम्मीद लगाए बैठा है ।

उधर रसोई गैस ने भी लोगों को राहत नहीं दी। गैस सिलेंडर की ऊंची कीमत और समय पर उपलब्धता की समस्या ने परिवारों की परेशानी बढ़ा दी है। जिन घरों में हर महीने एक या दो सिलेंडर की खपत होती है, वहां रसोई का पूरा गणित बिगड़ गया है। कई परिवारों का कहना है कि गैस, तेल और रोजमर्रा की खाद्य सामग्री पर बढ़ते खर्च ने महीने का बजट पूरी तरह डगमगा दिया है।



### खाद्य तेलों की कीमतों ने दिया ज्यादा झटका

बाजार में खाद्य तेल की कीमतों ने सबसे ज्यादा झटका दिया है। कुछ महीनों पहले तक जो तेल आम परिवारों की पहुंच में था। अब उसकी कीमतों में करीब 35 से 40 फीसदी तक उछाल दर्ज किया जा रहा है। गृहणियों का कहना है कि पहले महीने भर का राशन एक तय बजट में आ जाता था। लेकिन अब वही सामान खरीदने में हजारों रुपये ज्यादा खर्च हो रहे हैं। तेल के साथ-साथ मसाले, दालें, चावल और आटे के दाम भी लगातार ऊपर जा रहे हैं। मध्यमवर्गीय परिवारों में अब खर्चों की प्राथमिकता बदलनी पड़ रही है।

### कीमतों में अचानक आई तेजी ने निर्माण लागत प्रभावित

महंगाई का सबसे बड़ा असर अब मकान निर्माण पर दिखाई दे रहा है। शहर में घर बनवा रहे लोगों और छोटे ठेकेदारों का कहना है कि गिट्टी, रेत, ईंट, सीमेंट और सरिया की कीमतों में अचानक आई तेजी ने निर्माण लागत को बुरी तरह प्रभावित किया है। जो लोग पहले से मकान निर्माण का काम शुरू कर चुके थे।वे अब अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने में परेशान हैं। निर्माण सामग्री के दाम बढ़ने से पुराने अनुमान और बजट पूरी तरह फेल हो चुके हैं। कई परिवारों ने नया मकान बनाने का फैसला फिलहाल टाल दिया है।

### सामग्री महंगी होने से अब घर बनाना महंगा हो गया

स्थानीय निर्माण व्यवसायियों मनीष श्रीवास्तव, सतीश गुप्ता के मुताबिक, पिछले कुछ समय में ट्रांसपोर्ट लागत, ईंधन कीमतों और सप्लाई की अनियमितता के कारण निर्माण सामग्री महंगी हुई है। रेत और गिट्टी के दाम सातवें आसमान पर हैं। जबकि सरिया और सीमेंट की कीमतों ने भी घर बनाने की योजना को महंगा सौदा बना दिया है। मजदूरी दरों में बढ़ोतरी ने भी निर्माण कार्य को और बोझिल बना दिया है।

## पुलिस ने नाबालिग पीड़िता को भी सकुशल बरामद किया

# 11 साल से अपहरण के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने धरदबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र से साल 2015 में हुए नाबालिग अपहरण कांड में पुलिस ने 11 साल बाद खुलासा किया है। सुल्तानगंज पुलिस ने नाबालिग पीड़िता को सकुशल बरामद कर लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

यह मामला 10 अक्टूबर 2015 का है, जब सुल्तानगंज थाना में एक फरियादी ने अपनी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी के अचानक लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि आरोपी द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है।

पुलिस ने संदिग्ध आरोपी राकेश अहिरवार निवासी सागर की तलाश शुरू की, लेकिन वह लगातार फरार रहा। इस दौरान साजिश में शामिल उसकी मां को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### मुखबिर तंत्र के साथ लगातार प्रयास से मिली बड़ी सफलता

समय बीतता गया, लेकिन सुल्तानगंज पुलिस की फाइल बंद नहीं हुई। वर्षों तक लगातार प्रयास, मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आखिरकार पुलिस को सफलता हाथ लगी। 11 साल बाद सागर से नाबालिग पीड़िता को सकुशल दस्तयाब किया और मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

सुल्तानगंज थाना प्रभारी श्यामराज सिंह राजपूत और उनकी टीम ने धैर्य, मेहनत और प्रोफेशनल जांच का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। यह सफलता न केवल पुलिस की कार्यशैली को दर्शाती है, बल्कि पीड़ित परिवार को वर्षों बाद मिला न्याय भी सुनिश्चित करती है।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए आवेदन 15 तक

**रायसेन।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में जिले में अक्षय तृतीय 19 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु आयोजक नगर पालिका रतथा नोडल अधिकारी उप संचालक सामाजिक न्याय मनोज बाथम रहेंगे। सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले वर-वधु द्वारा आवेदन फार्म शासन द्वारा निर्धारित पात्रता मापदण्ड शर्तों के अधीन दिनांक 15 अप्रैल तक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय रायसेन में जमा किए जा सकते हैं।

# एचपी पब्लिक स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

शासन के निर्देशानुसार स्कूल चलें अभियान के अंतर्गत स्थानीय एचपी पब्लिक हाई स्कूल में प्रवेश उत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में नवागत छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर स्वागत किया।

स्कूल के संचालक डॉ एसके श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वर्तमान समय की सबसे बड़ी मांग और जरूरत केवल 'शिक्षा' है। शिक्षित समाज ही राष्ट्र की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है, उन्होंने सभी छात्राओं से आव्हान करते हुए कहा कि आज देश की बेटियां किसी से कम नही है आप भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर उस मुकाम तक पंहुच सकती हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं को आत्मविश्वासी बनने और कठिन परिश्रम कर ऊंचे मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया।



वही स्कूल के वॉइस प्रेसिडेंट अंकुर श्रीवास्तव ने शिक्षकों और अभिभावकों के बीच समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने कहा विद्यालय केवल भवन नहीं, बल्कि संस्कार गढ़ने की पाठशाला है। जिस विद्यालय में शिक्षक और अभिभावकों के बीच समन्वय रहता है तो निश्चित ही उस विद्यालय के विद्यार्थी एक इतिहास बनाते है।

इस मौके पर नवागत छात्र और छात्राओं का पुष्प वर्षा और तिलक लगाने के साथ अभिनंदन कर छात्र छात्राओं और अभिभावकों सबका मुंह मीठा कराया गया।

# किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस का हल्ला बोल गेहूं खरीदी शुरू नहीं होने पर गरजे कांग्रेसी

## कांग्रेसियों ने कहा- समर्थन मूल्य पर खरीदी में देरी से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू नहीं होने और किसानों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। शहर के कामधेनु शॉपिंग कॉम्पलेक्स परिसर में आयोजित एक दिवसीय धरने में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सरकार पर किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए जमकर हमला बोला।

धरना में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे। धरने में वक्ताओं ने कहा कि जिले के किसान अपनी मेहनत की उपज बेचने के लिए खरीदी केंद्रों के खुलने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक तौल कांटों का संचालन शुरू नहीं किया गया, जिससे किसानों में भारी आक्रोश है।



सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार बार-बार गेहूं खरीदी की तारीखों को आगे बढ़ाकर किसानों के साथ छल कर रही है। पहले 1 अप्रैल से खरीदी शुरू होने की बात कही गई, फिर 8 अप्रैल और उसके बाद 10 अप्रैल की नई तारीख सामने आई, लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक खरीदी की कोई ठोस शुरुआत नहीं हो सकी। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही और प्रशासनिक ढिलाई का सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है।

वक्ताओं ने कहा कि समर्थन मूल्य पर खरीदी केवल सरकारी घोषणा तक सीमित होकर रह गई है, जबकि किसान अपनी उपज लेकर मंडियों और खरीदी केंद्रों की ओर उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# दबंगों ने किया धारदार हथियार से हमला, तीन व्यक्ति घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

तहसील क्षेत्र के सिलपुरी गांव में दबंगों द्वारा एक ही परिवार पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता को आवेदन सौंपकर आरोपियों के पर सख्त कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

आवेदन के मुताबिक, 6 अप्रैल को महिला का बेटा बस से घर लौट रहा था, उसे लेने उसके पति जाखा पुल स्टॉप पहुंचे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग पहले से घात लगाकर बैठे थे। आरोप है कि प्रवीन, परसराम, शिवप्रसाद, रामबाबू, राहुल शर्मा, शैलेन्द्र और रावेन्द्र ने तलवार और अन्य धारदार हथियारों से पति और बेटे पर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही महिला अपने भतीजे के साथ मौके पर पहुंची, लेकिन वहां आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। हमले में महिला के पति का हाथ-पैर तथा बेटे का हाथ फ्रैक्चर हो गया, जबकि महिला को भी गंभीर चोटें आई हैं।


पीड़ित महिला व उसकी बेटी

पीड़िता का कहना है कि आरोपी पहले भी कई बार रास्ता रोककर धमका चुके हैं और परिवार पर गांव छोड़ने का दबाव बना रहे हैं। लगातार मिल रही जान से मारने की धमकियों से पूरा परिवार दहशत में है। महिला ने आवेदन में आरोप लगाया कि अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे उनके हौसले बुलंद हैं।

# 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत ग्राम शालाबरू में अमृत सरोवर का किया जीर्णोद्धार

## ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता, जल संरक्षण पर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आदिवासी अंचल की ग्राम पंचायत शालाबरू में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव में जल संरक्षण और संवर्धन को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सामूहिक पहल देखने को मिली। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ-साथ सरपंच, सचिव और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अभियान के तहत ग्राम के अमृत सरोवर के जीर्णोद्धार का कार्य किया गया। स्थानीय लोगों ने श्रमदान के माध्यम से सरोवर की सफाई और सुधार कार्यों में भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना और वर्षा जल के बेहतर संचयन की व्यवस्था करना है, ताकि भविष्य में जल संकट की स्थिति से बचा जा सके।




कार्यक्रम के दौरान जल संचय और संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि वर्तमान समय में जल की कमी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, जिसे सामूहिक प्रयासों से ही दूर किया जा सकता है। ग्रामीणों को जल बचाने, वर्षा जल संग्रहण और पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

इसके अलावा, आगामी दिनों में अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया गया। जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि गांव में जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, बल्कि ग्रामीणों में जागरूकता और सहभागिता को भी बढ़ाने में सफल रहा।

# बालमपुर घाटी पर अनियंत्रित होकर खाई में गिरा कंटेनर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल-विदिशा हाईवे की बालमपुर घाटी पर हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बुधवार-गुरुवार की रात करीब 3 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब मंडीदीप जा रहा कंटेनर अनियंत्रित होकर 20 फीट गहरी खाई में जा गिरा। गनीमत रही कि चालक की जान बच गई।

कंटेनर चालक बिट्टू कुशवाह निवासी मंडीदीप ने बताया कि वह सागर-छतरपुर से कंटेनर खाली कर लौट रहा था। तभी रास्ते में बालमपुर घाटी उतरते समय अचानक कंटेनर के ब्रेक फेल हो गए, जिससे कंटेनर क्रमांक डीडी 01 जे 9274 अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। हादसे में कंटेनर चालक को सिर्फ मामूली चोटें ही आई हैं।

## पहले दिन रहा सन्नाटा, 27 गांव के 920 किसानों का हुआ पंजीयन

# तौलकांटों की पूजन कर समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

कृषक सेवा सहकारी समिति सलामतपुर अंतर्गत इस वर्ष 2 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। गुरुवार को आजाद वेयर हाउस खोहा और सीमा वेयर हाउस बेरखेड़ी चौराहा पर समर्थन मूल्य गेंहू खरीदी की तुलाई कांटे की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान समिति के प्रबंधक कुंवर सिंह दांगी, परवेज़ भाई, आबिद भाई, केंद्र प्रभारी कमल सिंह राजपूत सहित कर्मचारी, किसान मौजूद थे।

पहले दिन किसी भी किसान ने स्लॉट बुक नहीं कराया था तो खरीदी केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा। प्रशासन ने सलामतपुर से 8 किलोमीटर दूर समर्थन मूल्य पर खरीदी केंद्र बनाए हैं। इसकी वजह से किसानों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

किसान अज़ीम मंसूरी, बलवंत सिंह, रवि ठाकुर ने कहा कि 8 से 10 किलोमीटर दूर गेंहू खरीदी केंद्र बनाए जाना उचित नही है। जबकि पिछले वर्ष कस्बे में ही खरीदी की गई थी।



### 27 गांव के 920 किसानों का हुआ है पंजीयन

9 अप्रैल से सभी खरीदी केंद्रों पर तुलाई मशीनों की विधिवत पूजा अर्चना कर खरीदी का शुभारंभ तो कर दिया गया है। लेकिन किसी भी खरीदी केंद्र पर किसान गेंहू की उपज बेचने नही पहुंचे। और अगर कोई किसान पहुंचा तो वह भी स्लॉट बुक नही होने की वजह से तुलाई नही करवा पाया। सलामतपुर सहकरी समिति अंतर्गत 27 गांव के लगभग 920 किसान पंजीयन हुए हैं। और दो खरीदी केंद्रों जिनमें एक बेरखेड़ी चौराहा व दूसरा खोहा गांव में बनाया गया है। वहीं इस वर्ष सरकारी समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी का मूल्य 2625 रुपए रखा गया है।

### 8 किमी दूर बनाए केंद्र-

सलामतपुर सहकारी संस्था अंतर्गत 8 किमी दूर बेरखेड़ी चौराहा और खोहा गांव में दो खरीदी केंद्र बनाए हैं, जिसको लेकर किसानों में आक्रोश है। अब क्षेत्र के किसानों को अपनी गेंहू की उपज को बेचने 8 किमी दूर जाना पड़ेगा। जिससे समय के साथ आर्थिक रूप से बोझ भी पड़ेगा। जबकि पिछले वर्ष समिति की खरीदी सलामतपुर वेयरहाउस और सुकासेन गांव में हुई थी। वहीं सांची सहकारी समिति क्षेत्र के किसानों को भी 8 किलोमीटर दूर सलामतपुर वेयर हाउस आना पड़ेगा।

### इनका कहना है

किसानों को इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेंहू तुलाई के लिए 8 किलोमीटर दूर बेरखेड़ी चौराहा और खोहा गांव जाना पड़ेगा। क्योंकि इस वर्ष सलामतपुर वेयर हाउस को सांची समिति का खरीदी केंद्र बनाया है।

- **कुंवर सिंह दांगी,** प्रबंधक स. सं. सलामतपुर।

## मुनि प्रयोग सागर जी के सानिध्य में दो घंटे चला सामूहिक जाप

# विश्व नवकार दिवस परभक्ति का संगम, गूंजा नमोकार मंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

विश्व नवकार दिवस पर शुक्रवार को नगर का पारसनाथ जिनालय आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर नजर आया। यहां मुनि प्रयोग सागर महाराज के सानिध्य में नमोकार मंत्र के सामूहिक जाप का आयोजन किया। इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह मंगलाचरण के साथ हुआ, जिसके बाद श्रद्धालु अनुशासित रूप से बैठ गए और सामूहिक रूप से नमोकार मंत्र का जाप प्रारंभ किया। करीब दो घंटे तक चले इस जाप के दौरान पूरा जिनालय परिसर 'णमो अरिहंताणं' की मधुर ध्वनि से गूंजता रहा। वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और शांति का अनुभव स्पष्ट रूप से महसूस किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने पूरे मनोयोग से मंत्र जाप में भाग लिया। आयोजन के दौरान अनुशासन और भक्ति का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं इशरत खान पुत्री अब्दुल कुददूस खान आयु वयस्क स्थानीय निवास 217 अवंतिका कॉलोनी वार्ड नंबर 13 रायसेन एवं स्थाई निवास 132 डी सेक्टर ग्रीन पार्क फिरदौस नगर डीआईजी बंगले के पास भोपाल तहसील हुज़ूर जिला भोपाल है मेरी शैक्षणिक अभिलेख 11वीं एवं अन्य अंकसूचियों में मेरा नाम इशरत दर्ज है मेरा आधार क्रमांक 8181 137 27525 है आधार कार्ड में मेरा नाम इशरत खान दर्ज है एवं मेरे अन्य दस्तावेज में भी इशरत खान दर्ज है यह कि मेरा अब नाम इशरत खान है मुझे इशरत खान नाम से जाना व पहचाना जाता है